उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

काउंसलिंग प्रक्रिया

UPSEE-2017 में सभी सफल (रैंक प्राप्त अथवा QUALIFIED) अभ्यर्थियों को कौन्सिलिंग से सम्बंधित निम्न अत्यावश्यक सूचनाएँ दी जातीं हैं:

सामान्यतया हर राउंड में पहले अभ्यर्थियों द्वारा (अपने USER NAME और पासवर्ड का प्रयोग करके फिर सुरक्षा कारणों से पासवर्ड बदल के) http://upsee.nic.in में रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा, फिर रजिस्ट्रेशन फीस भरी जाएगी, फिर प्रमाणपत्रों की स्कैन्ड कॉपी अपलोड की जाएगी। 1-2 दिन में ही अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्रमाणपत्र सत्यापित होने का SMS आ जाएगा और फिर अभ्यर्थी को सीटें दिखने लगेंगी (अगर SMS नहीं भी आता है और सीटें दिखने लगती हैं तो वो आगे बढ़ सकता है) जिन्हें वह TICK (चयनित) करेगा (जिसे चॉइस फिलिंग कहेंगे) और फिर सीटें TICK करने और CHECK (पुनर्निरीक्षण) करने के बाद अभ्यर्थी को चॉइस लॉक जरूर करना होगा।

सामान्य एवं OBC को Rs. 20,000/- और SC/ST को Rs. 12,000/- जमा करना होगा। यह राशि एडमिशन के बाद कॉलेज की प्रथम वर्ष की फीस में एडजस्ट कर ली जाएगी।

 # सभी को यह सलाह दी जाती है की वे (अगर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के इक्षुक हों तो) अंतिम तिथि का इंतजार किये बगैर रजिस्ट्रेशन फीस अवश्य जल्द से जल्द जमा कर दें।

कृपया पूरा पढ़े

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

<u>काउंसलिंग प्रक्रिया</u>

<u>राउंड 1 से 4</u>

- सभी अभ्यर्थी सिर्फ एक बार रजिस्ट्रेशन करवा कर, रजिस्ट्रेशन फीस भरकर, प्रमाणपत्र अपलोड करके किसी भी राउंड में प्रतिभाग कर सकते हैं।
- **<u>1st Round:</u>**

  <u>माना कि किसी अभ्यर्थी ने प्रथम राउंड में प्रतिभाग किया</u>- तो इस राउंड का रिजल्ट आने पर उस अभ्यर्थी को या तो सीट मिलेगी या नहीं मिलेगी। अगर उसे सीट मिली तो उसके पास आगे तीन विकल्प होंगे 1) **फ्रीज विकल्प 2) फ्लोट विकल्प या 3) विथड्रा विकल्प।** इनका वर्णन निम्न है

  हर राउंड के बाद प्रत्येक अभ्यर्थी (जिसे कोई सीट आवंटित हुई हो) को निम्न में से तीन विकल्प चुनना होगा:

  1. **फ्रीज विकल्प**: अगर कोई अभ्यर्थी अपनी प्राप्त सीट से पूर्णतया संतुष्ट है और सीट में कोई परिवर्तन नहीं चाहता है तो उसे फ्रीज विकल्प भरना चाहिए।
  2. **फ्लोट विकल्प:** अगर कोई अभ्यर्थी अपनी प्राप्त सीट को बचा कर भी रखना चाहता है और साथ में अगले राउंड में कोई बेहतर सीट (HIGHER विकल्प) चाहता है तो उसे फ्लोट विकल्प चुनना होगा। अगर उस अभ्यर्थी को अगले राउंड में कोई बेहतर विकल्प नहीं मिलता है तो भी उसकी (पिछले

राउंड में मिली सीट) बरकरार रहेगी और वह उस सीट को या तो फिर से फ्लोट में डाले या फ्रीज कर दे। अगर उस अभ्यर्थी को अगले राउंड में कोई बेहतर विकल्प मिल जाता है तब उसकी पुरानी सीट उसके पास से चली जाएगी और उसे नए विकल्प पर निर्णय लेना होगा।

3. **विथड्रा विकल्प:** अगर कोई अभ्यर्थी अपनी प्राप्त सीट से असंतुष्ट है और अब वह कौन्सिलिंग प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता है तो वो विथड्रा विकल्प भरेगा। ऐसा अभ्यर्थी कौन्सिलिंग के बचे हुए राउंड्स (1 से 5) से बाहर हो जाएगा और फिर वह SPOT कौन्सिलिंग राउंड में ही प्रतिभाग कर सकेगा।

अगर किसी राउंड के बाद कोई (सीट पाया हुआ) अभ्यर्थी कोई भी विकल्प (फ्रीज, फ्लोट या विथड्रा) नहीं चुनता है तो वह स्वतः ही विथड्रा मान लिया जाएगा और वह राउंड 1-5 एवं SPOT की कौन्सिलिंग प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी को हर राउंड का Rs. 2000/- काट कर
अवशेष धनराशि लौटा दी जाएगी।

ऐसे अभ्यर्थी को आगे किसी भी राउंड में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

<u>काउंसलिंग प्रक्रिया</u>

दूसरे हो सकता है कि अभ्यर्थी को (प्रथम राउंड में) चुने हुए विकल्पों के आधार पर कोई सीट न मिले ऐसी स्थिति में उसे अब दो में से एक विकल्प चुनना होगा:

1) **फ्लोट विकल्प चुनना :** अगर कोई अभ्यर्थी (अपने प्रथम राउंड के चुने हुए विकल्पों के आधार पर) अगले राउंड में कोई सीट प्राप्त करना चाहता है तो उसे फ्लोट विकल्प चुनना होगा।
2) **विथड्रा विकल्प:** अगर कोई अभ्यर्थी अब आगे कौन्सिलिंग प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता है तो वो विथड्रा विकल्प भरेगा। ऐसा अभ्यर्थी कौन्सिलिंग के बचे हुए राउंड्स (1 से 5) से बाहर हो जाएगा और फिर वह SPOT कौन्सिलिंग राउंड में ही प्रतिभाग कर सकेगा। ऐसे अभ्यर्थी को संपूर्ण राशि लौटा दी जाएगी।

   अगर किसी राउंड के बाद कोई (सीट न पाया हुआ) अभ्यर्थी कोई भी विकल्प (फ्रीज, फ्लोट या विथड्रा) नहीं चुनता है तो वह स्वतः ही **फ्लोट** मान लिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

<u>काउंसलिंग प्रक्रिया</u>

- **<u>2nd Round:</u>**

  <u>उसके बाद दूसरा राउंड शुरू होगा</u>: इसमें तीन प्रकार के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे

  1). वे जो प्रथम राउंड में थे ही नहीं (यानी नवीन FRESH प्रतिभागी)

  2). वे जिन्होंने प्रथम राउंड में प्रतिभाग किया था और फ्लोट विकल्प चुना था (भले ही उन्हें सीट मिली रही हो अथवा नहीं)।

  3). पहले राउंड का वह अभ्यर्थी जिसे सीट नहीं मिली थी और उसके द्वारा कोई विकल्प न चुने जाने के परिणामस्वरूप उसे फ्लोट मान लिया गया था।

  ऐसे फ्लोट अभ्यर्थियों को दूसरे राउंड में कुछ नहीं करना है सिर्फ इस राउंड के रिजल्ट का इंतजार करना है।

  नवीन अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से गुजरना होगा यानी रजिस्ट्रेशन, फीस भरना और प्रमाणपत्र अपलोड करना। फिर उन नवीन अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच होगी (जिसे DOCUMENT VERIFICATION कह रहे हैं)। जांच के पश्चात् प्रमाणपत्र सही पाए जाने पर वे अभ्यर्थी काउंसलिंग के दुसरे राउंड में शामिल हो जाएँगे और मेरिट के आधार पर अवशेष सीट पर आवंटन के हक़दार होंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

<u>काउंसलिंग प्रक्रिया</u>

सभी अभ्यर्थियों को रिजल्ट आने पर सीट मिलने की दशा में ऊपर वर्णित तीन (फ्रीज, फ्लोट या विथड्रा) एवं सीट न मिलने पर ऊपर वर्णित दो (फ्लोट या विथड्रा) विकल्पों का चयन करना है। सीट न मिलने पर विथड्रा करने पर अभ्यर्थी को संपूर्ण राशि लौटा दी जाएगी।

इनमे से कोई चयन न करने पर **ऊपर वर्णित व्यवस्था** [**सीट मिले हुए अभ्यर्थी को विथड्रा** और आगे के राउंड्स से वंचित करना एवं सीट न मिले अभ्यर्थी को स्वतः फ्लोट हो जाना] ही इस राउंड में भी लागू होगी। ऐसे विथड्रा अभ्यर्थी को हर राउंड का Rs. 2000/- काट कर अवशेष धनराशि लौटा दी जाएगी।

- **<u>3rd Round</u>:**

उसके बाद तीसरा राउंड शुरू होगा: इसमें भी तीन प्रकार के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे

1). वे जो दूसरे राउंड में थे ही नहीं यानी नवीन (FRESH प्रतिभागी)

2). वे जिन्होंने दूसरे राउंड में प्रतिभाग किया था और फ्लोट विकल्प चुना था (भले ही उन्हें सीट मिली रही हो अथवा नहीं)।

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

काउंसलिंग प्रक्रिया

3). दूसरे राउंड का वह अभ्यर्थी जिसे सीट नहीं मिली थी और उसके द्वारा कोई विकल्प न चुने जाने के परिणामस्वरूप उसे फ्लोट मान लिया गया था।

ऐसे फ्लोट अभ्यर्थियों को इस तीसरे राउंड में कुछ नहीं करना है सिर्फ इस राउंड के रिजल्ट का इंतजार करना है।

नवीन अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से गुजरना होगा यानी रजिस्ट्रेशन, फीस भरना और प्रमाणपत्र अपलोड करना। फिर उन नवीन अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच होगी (जिसे DOCUMENT VERIFICATION कह रहे हैं)। जांच के पश्चात् प्रमाणपत्र सही पाए जाने पर वे अभ्यर्थी काउंसलिंग के तीसरे राउंड में शामिल हो जाएँगे और मेरिट के आधार पर सीट आवंटन के हक़दार होंगे।

सभी अभ्यर्थियों को रिजल्ट आने पर **सीट मिलने की दशा में** ऊपर वर्णित तीन (फ्रीज, फ्लोट या विथड्रा) एवं सीट न मिलने पर ऊपर वर्णित दो (फ्लोट या विथड्रा) विकल्पों का चयन करना है।

सीट न मिलने पर विथड्रा करने पर अभ्यर्थी को संपूर्ण राशि लौटा दी जाएगी।

इनमे से कोई चयन न करने पर **ऊपर वर्णित व्यवस्था** [**सीट मिले हुए अभ्यर्थी को विथड्रा** और आगे के राउंड्स से वंचित करना एवं सीट न मिले अभ्यर्थी को स्वतः फ्लोट हो जाना] ही इस राउंड में भी लागू होगी। ऐसे विथड्रा अभ्यर्थी को हर राउंड का Rs. 2000/- काट कर अवशेष धनराशि लौटा दी जाएगी।

कृपया पूरा पढ़े

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

काउंसलिंग प्रक्रिया

- **4th Round:**

उसके बाद चौथा राउंड शुरू होगा:

इसमें भी दो प्रकार के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे प्रथम वे जो तीसरे राउंड में थे ही नहीं यानी नवीन (FRESH प्रतिभागी) और दूसरे वे जिन्होंने तीसरे राउंड में प्रतिभाग किया था और फ्लोट विकल्प चुना था (भले ही उन्हें सीट मिली रही हो अथवा नहीं)। ऐसे फ्लोट अभ्यर्थियों को इस राउंड में कुछ नहीं करना है सिर्फ इस राउंड के रिजल्ट का इंतजार करना है।

नवीन अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से गुजरना होगा यानी रजिस्ट्रेशन, फीस भरना और प्रमाणपत्र अपलोड करना। फिर उन नवीन अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच होगी (जिसे DOCUMENT VERIFICATION कह रहे हैं)। जांच के पश्चात् प्रमाणपत्र सही पाए जाने पर वे अभ्यर्थी काउंसलिंग के चौथे राउंड में शामिल हो जाएँगे और मेरिट के आधार पर सीट आवंटन के हक़दार होंगे।

सभी अभ्यर्थियों को रिजल्ट आने पर सीट मिलने की दशा में या तो फ्रीज या विथड्रा विकल्पों में से किसी एक का ही चयन करना होगा। सीट न मिलने पर विथड्रा करने पर अभ्यर्थी को संपूर्ण धनराशि लौटा दी जाएगी।

इनमे से कोई चयन न करने पर [**सीट मिले हुए अभ्यर्थी को विथड्रा** और आगे के राउंड्स से वंचित करना] इस राउंड में लागू होगी। ऐसे अभ्यर्थी को हर राउंड का Rs. 2000/- काट कर अवशेष धनराशि लौटा दी जाएगी।

कृपया पूरा पढ़े

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

काउंसलिंग प्रक्रिया

इस राउंड में सीट न मिलने की दशा में उस अभ्यर्थी की **संपूर्ण रजिस्ट्रेशन फीस वापस लौटा दी जाएगी (और पाचवें राउंड में भाग भी लेने दिया जाएगा)।**

- उक्त चार राउंड्स की प्रक्रिया के बाद **(पहली बार)** सभी सीट पाए हुए अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाएगा की वे अपने आवंटित कॉलेज में जाएँ और एडमिशन की प्रक्रिया संपन्न करें। यहाँ तीन बातें महत्वपूर्ण हैं

  1.) ये एडमिशन प्राप्त करने की प्रक्रिया अत्यंत समयबद्ध है इसलिए आप अभी से (कहीं एडमिशन की प्रत्याशा में) अपनी तैयारी रखें

  2) आप के द्वारा जमा की गयी धनराशी आपके कॉलेज में (AKTU द्वारा) भेज दी जाएगी।

  3) **अगर आप सीट आवंटित हो जाने पर भी नियत समय तक संस्था में एडमिशन हेतु रिपोर्ट नहीं करते हैं तो आपकी सीट स्वतः निरस्त करके संपूर्ण धनराशि जब्त कर ली जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी आगे बचे राउंड्स में प्रतिभाग नहीं कर पाएंगे।**

- एडमिशन की अंतिम तारीख बीत जाने पर सभी कालेजों से **रिक्त सीटों** का ब्यौरा माँगा जाएगा।

काउंसलिंग प्रक्रिया

- **5th Round:**

उसके बाद पाचवां राउंड शुरू होगा:

अब इन रिक्त बची सीटों हेतु कौन्सिलिंग का पाचवां राउंड चलाया जाएगा। इस राउंड में निम्न अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं:

1) नवीन अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक कौन्सिलिंग में कोई प्रतिभाग नहीं किया था (इनको रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से गुजरना होगा)
2) वे अभ्यर्थी जिन्होंने कौन्सिलिंग में प्रतिभाग तो किया था परन्तु उन्हें कोई सीट नहीं मिली थी और उनका पैसा लौटा दिया गया था। ⁎**उक्त अभ्यर्थियों को भी इस राउंड हेतु रजिस्ट्रेशन फीस भरनी होगी।**
3) वे अभ्यर्थी जिन्होंने कौन्सिलिंग में प्रतिभाग किया था और उन्हें सीट मिली थी और उन्होंने एडमिशन ले लिया हो। ⁎**उक्त अभ्यर्थियों को भी इस राउंड हेतु रजिस्ट्रेशन फीस भरनी होगी। पर ये जरूर ध्यान रहे की ऐसे (एडमिशन लिए हुए) अभ्यर्थियों को पांचवें राउंड में कोई अन्य कॉलेज मिलने की दशा में उनकी फीस (पुराने से नए कॉलेज में) स्थानांतरित (TRANSFER) होने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की ही होगी एवं इस कार्य में UPSEE या AKTU की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

काउंसलिंग प्रक्रिया

पाचवें राउंड की प्रक्रिया भी अन्य राउंड की तरह ही होगी [नवीन अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन, फीस, प्रमाणपत्र अप्लोअडिंग, उनकी जांच] फिर सभी के द्वारा सीटों की चॉइस फिलिंग और लॉकिंग करना होगा।

पाचवें राउंड का रिजल्ट आने पर प्राइवेट कालेजों की कौन्सिलिंग प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई हो वे (चाहें तो) प्रवेश ले सकते हैं या विथड्रा कर सकते हैं।

उसके बाद इन विथड्रा अभ्यर्थियों का Rs. 2000/- काट कर अवशेष धनराशि लौटा दी जाएगी।

महत्वपूर्ण नोट: ऊपर लिखे काउंसलिंग प्रक्रिया के वर्णन से यह निष्कर्ष निकलता है की अभ्यर्थियों को जब किसी भी राउंड में सीट आवंटित हो, तो उन्हें (फ्रीज, फ्लोट या विथड्रा) विकल्पों का चयन (जिसे काउंसलिंग SCHEDULE में WILLINGNESS यानी अभ्यर्थी की इच्छा कहा गया है) जरूर करना चाहिए। अगर वो विथड्रा भी करता है तो भी उसके पास SPOT काउंसलिंग राउंड में भाग लेने का अवसर बना रहेगा। परन्तु अगर वह कोई भी विकल्प नहीं चुनता है तो वह SYSTEM द्वारा बाहर कर दिया जाएगा और फिर (अभी तक प्रचलित नियमों के अनुसार) आगे के **किसी भी राउंड में प्रतिभाग करने का अधिकार खो बैठेगा।**

धनराशि वापस होने की प्रक्रिया (REFUND) को सरल बनाने हेतु सभी अभ्यर्थियों से उनके बैंक अकाउंट नंबर (जिसमे अगर वापसी हो तो धनराशि जमा की जाए) माँगा गया है।

कृपया पूरा पढ़े

उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2017

काउंसलिंग प्रक्रिया

काउंसलिंग की प्रक्रिया में प्रथम राउंड से ही भाग न लेने के नुकसान:

- हर अभ्यर्थी किसी भी राउंड से प्रतिभाग प्रारंभ कर सकता है परन्तु वह जितने बाद के राउंड में आएगा उसे उतने ही कम विकल्प उपलब्ध होंगे क्योंकि सीटें भरती जाएंगी।
- प्रथम राउंड में सभी प्रकार के आरक्षण लागू होंगे जैसे VERTICAL आरक्षण (GEN, OBC, SC, ST) और इनमें से प्रत्येक में HORIZONTAL आरक्षण (FREEDOM FIGHTER, ARMED FORCES, PHYSICALLY HANDICAPPED, GIRLS).
- पर जैसे ही दूसरा राउंड प्रारंभ होगा ये सभी HORIZONTAL आरक्षण जैसे (FREEDOM FIGHTER, ARMED FORCES, PHYSICALLY HANDICAPPED, GIRLS) ख़त्म हो जाएँगे और सिर्फ VERTICAL आरक्षण (GEN, OBC, SC, ST) बचेंगे।
- और तीसरे राउंड में ST आरक्षण ख़त्म हो जाएगा और ST की सीटें SC में शामिल (MERGE) कर दी जाएंगी अतः सिर्फ तीन केटेगरी बचेंगी GENERAL, OBC एवं SC.
- चोथे राउंड में OBC एवं SC की सीटें GENERAL में शामिल (MERGE) कर दी जाएंगी और सभी सीटें सिर्फ GENERAL रैंक से भरेंगी।